कोविड-19 से लड़ने के उपायों को अपनाना

आवास और किरायेदार के अधिकार

1 किराया

यह आवश्यक है कि आप अपने लीज (पट्टे) की शर्तों का अनुपालन करें क्योंकि यह एक अनुबंध है। इसका अर्थ है कि आपको अपनी लीज में उल्लिखित तारीखों पर अपने किराए का भुगतान करना जरूरी है।

यदि आप अपने किराए का भुगतान करने में असमर्थ हैं:

- अपने मकान मालिक से बात करें; आप एक सुलह पर पहुंच सकते हैं।
- मुफ्त सलाह के लिए आवास समिति से संपर्क करें। अपने निकटतम आवास समिति का पता लगाने के लिए, आरसीएलएक्यू वेबसाइट (www.rclalq.qc.ca/comites-logement/) पर जाएं या 514-521-7114 पर कॉल करें।

यदि आप और संपत्ति मालिक किसी समझौते पर पहुंचने में असफल रहते हैं, तो वे आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। यदि न्यायालय आपको गलत मानता है, तो संपत्ति पर पुनरधिकार या किरायेदार निष्कासन को अधिकृत करने वाले सभी निर्णय या फैसलें सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित आपातकाल की स्थिति समाप्त होने के बाद ही प्रभावी होंगे।

- यदि आपको इस प्रकार का निर्णय या फैसला प्राप्त हुआ है, तो आपको तुरंत अपना घर नहीं छोड़ना पड़ेगा।
- एक किरायेदार को केवल तभी बेदखल किया जा सकता है जब मकान 17 मार्च, 2020 से पहले किसी और को किराए पर दिया गया था, और निर्णय का निलंबन नए किरायेदार को परिसर पर कब्जा करने से रोकता है।

2 हाइड्रो-क्यूबेक एंड एनर्जिर

हाइड्रो-क्यूबेक एंड एनर्जिर ने घोषणा की कि वे सेवा को डिस्कनेक्ट नहीं करेंगे यदि ग्राहकों ने अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है। सभी को बिजली और प्राकृतिक गैस सेवा की निर्बाध आपूर्ति की जाएगी।

यदि आप अपने बिल का भुगतान करने में असमर्थ हैं:

कृपया उन्हें भुगतान व्यवस्था निर्धारित करने के लिए कॉल करें:

हाइड्रो-क्यूबेक: **514-385-7252**

या

एनर्जिर: **1-800-563-1516**

3 समाप्ति-पूर्व सेवाएं

समाप्ति-पूर्व सेवाओं को बनाए रखा गया है क्योंकि उन्हें आवश्यक माना जाता है, लेकिन अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को लागू किया जाना चाहिए। किरायेदारों को एक्सटर्मिनेटर (उन्मूलक) को आवास के अंदर आवश्यक उपचार करने देना चाहिए।

जो एक सार्वजनिक स्वास्थ्य स्वयं-एकांतवास के आदेश के अधीन नहीं हैं, उन लोगों के लिए अनुपालन के लिए निर्देश:

एक्सटर्मिनेशन (उन्मूलन) उपचार से पहले:

एक्सटर्मिनेटर द्वारा बताए गए तरीके से घर को तैयार करें।

उपचार के दौरान:

- किए जाने वाले उपचार के आधार पर, किरायेदारों को अपना घर छोड़ना पड़ सकता है। इसलिए, एक्सटर्मिनेटर द्वारा अनुशंसित अवधि तक अपना घर छोड़ना उचित हो सकता है।
- यदि आपको उपयोग किए जा रहे एक्सटर्मिनेटर उत्पादों के कारण अपना घर छोड़ना पड़ता हैं, तो निम्नलिखित सार्वजनिक स्वास्थ्य सुझावों को अवश्य लागू किया जाना चाहिए:

अपने हाथों को धोएं

श्वसन स्वच्छता



शारीरिक दूरी

उपचार के बाद:

- अपने घर से हवा को बाहर निकालें (कम से कम 15 मिनट के लिए खिड़कियां खोलें)।
- बार-बार स्पर्श किए जाने वाले सतहों (उदाहरण के लिए दरवाजा घुंडी-नॉब, स्विच) को स्वच्छ और कीटाणुरहित बनाएं।
- किरायेदारों को उन सतहों को 48 घंटे तक नहीं छूना चाहिए जिस पर कीटनाशक का छिड़काव किया गया हो।

Hindi

Québec

CIUSSS CSMTL - DC - 2020 - 016

उपरोक्त उल्लिखित उपायों के अतिरिक्त, अनुपालन के लिए निर्देश, यदि:

- ✓ **आप कोविड-19 से पीड़ित हैं**
- ✓ **आपमें निम्नलिखित में से कोई भी एक लक्षण दिखाई देता है:** बुखार, खांसी, साँस लेने में कठिनाई, मितली, उल्टी, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, दस्त, तीव्र थकान, गंध या स्वाद ग्रहण करने की क्षमता का ख़त्म होना।
- ✓ **आप कोविड -19 से ग्रस्त किसी व्यक्ति के साथ निकट संपर्क में रहे थे** या वह स्व-पृथक्करण में है।

Santé publique (सार्वजनिक स्वास्थ्य) ने निर्देश दिया हैं कि आप घर पर ही स्व-पृथक्करण करें, भले ही एक्सटर्मिनेशन का काम चल रहा हो।

एक्सटर्मिनेशन (उन्मूलन) उपचार से पहले:

संपत्ति के मालिक और एक्सटर्मिनेटर को सूचित करें कि आपके घर के एक या अधिक निवासी को परिसर को केवल आपातकालीन स्थिति के अलावा, घर छोड़कर जाने से बचने की जरूरत है। उपचार के अन्य विकल्प हो सकते हैं जिनका उपयोग इस संदर्भ में किया जा सकता है (जैसे कि कीटनाशकों के इस्तेमाल से बचने के लिए थर्मल उपचार, या उपचार को स्थगित करना)।

उपचार के दौरान:

एक बंद कमरे में रहें, जो हवादार हो, जिसमें एक्सटर्मिनेटर को जाने की जरूरत न हो, या संपत्ति के निजी हिस्से में रहें, जैसे कि बैकयार्ड या बालकनी में।

4 घर की खोज और विज़िट

क्यूबेक सरकार सलाह देती है कि आपको मालिक और किरायेदार के घरों में जाने से बचना चाहिए और संभावित किरायेदारों के साथ वर्चुअल माध्यम और फोन साक्षात्कार का उपयोग किया जाना चाहिए। लीज-पट्टों को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से हस्ताक्षर किया जा सकता है या मेल में भेजा जा सकता है।

यदि कोई विकल्प नहीं है, और भेंट करना जरूरी है, तो आगंतुकों को कोविड-19 से पीड़ित नहीं होना चाहिए और न ही उनमें इसका कोई लक्षण होना चाहिए। उन्हें पिछले 14 दिनों में किसी के साथ निकट संपर्क में नहीं आना चाहिए, जो कोविड-19 से पीड़ित है, और न ही पिछले 14 दिनों में विदेशी यात्रा से लौटे हैं।

निम्नलिखित उपायों को लागू किया जाना चाहिए:

विज़िट से पहले

- संपत्ति के मालिक को आवास के बारे में सभी प्रासंगिक जानकारी देने के लिए कहें।
- घर में प्रवेश करने वाले सभी लोगों को **अपने हाथों को धोना चाहिए, श्वसन स्वच्छता का अभ्यास करना चाहिए और शेष लोगों से कम से कम 2 मीटर की दूरी बनाए रखनी चाहिए।**

विज़िट के दौरान:

- एक समय में घर में केवल एक आगंतुक (परिवार का सदस्य) प्रवेश करेगा।
- केवल आवश्यक कमरों में जाएं। दौरे को यथासंभव छोटा रखें।
- घर में किसी भी सतहों या वस्तुओं को स्पर्श न करें।
- अन्य लोगों से कम से कम 2 मीटर की दूरी बनाए रखें।

प्रत्येक विज़िट के बाद:

- यदि संभव हो तो अपने हाथों को साबुन और पानी से धोएं या फिर या अल्कोहल आधारित हैंड सैनिटाइज़र का इस्तेमाल करें।
- हाउसिंग यूनिट में सभी दरवाजे के नॉब को कीटाणुरहित करें।



कोई दौरा नहीं किया जाना चाहिए यदि निम्न में से कोई भी स्थिति आवास किरायेदारों पर लागू होती है: !

- ✓ किरायेदार स्वयं-एकांतवास में है क्योंकि वह कोविड-19 से पीड़ित है।
- ✓ किरायेदार में कोविड-19 से संबंधित कोई भी एक लक्षण (बुखार, खांसी, साँस लेने में कठिनाई, मितली, उल्टी, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, दस्त, तीव्र थकान, गंध या स्वाद ग्रहण करने की क्षमता ख़त्म होना) दिखाई देता है।
- ✓ किरायेदार का पिछले 14 दिनों में किसी ऐसे व्यक्ति के साथ निकट संपर्क रहा था, जो कोविड-19 से पीड़ित है।
- ✓ किरायेदार पिछले 14 दिनों के भीतर विदेश यात्रा से लौटा है।

संसाधन

सामाजिक और सामुदायिक संसाधन: 2-1-1 पर कॉल करें सूचना और संदर्भ सेवाएं, 200 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध हैं, जो आपको तुरंत उपयुक्त सामुदायिक संगठन या ऐसी सेवा जो आपकी आवश्यकताओं को पूरा करेगी, उपलब्ध कराने में मदद करेगी।

स्वास्थ्य जानकारी और सामाजिक जानकारी:
8-1-1 पर कॉल करें
8-1-1 एक मुफ्त, गोपनीय टेलीफोन परामर्श सेवा है जो 24/7 उपलब्ध है।

साझेदारी में:

CTI Centre des travailleurs et travailleuses immigrants
CRIC Carrefour de ressources en interculturel
SHERPA Recherche. Immigration. Société
CERDA www.cerda.info
TCRI Table de concertation des organismes au service des personnes réfugiées et immigrantes
ACCÉSSS Alliance des Communautés Culturelles pour l'Égalité dans la Santé et les Services Sociaux
Médecins du Monde
Montréal

Centre intégré universitaire de santé et de services sociaux du Centre-Sud-de-l'Île-de-Montréal
Québec